महापौर श्री यादव ने निर्माणाधीन 66 एमएलडी प्लांट का किया प्रातः निरीक्षण, शीघ्र ही कार्यपूर्ण करने को दिए निर्देश

भिलाईनगर। अमृत मिशन फेस 2 योजना के तहत निर्माणाधीन 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट का महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित जल कार्य के अधिकारियों तथा एजेंसी के ठेकेदारों ने फिल्टर प्लांट के तकनीकी कार्यों की जानकारी दी , जिस पर श्री यादव ने शहर की पेयजल व्यवस्था को दूरूस्त करने शीघ्र ही जल शोधन संयंत्र को शुरू करने निर्देश दिए। अमृत मिशन के तहत बन रहे फिल्टर प्लांट के शुरू होने से निगम क्षेत्र की बहुत बड़ी आबादी को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियो से कहा कि काम में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस पर अधिकारियों से बताया कि लाॅकडाउन के चलते अंतिम चरण कार्य शेष रह गया है , जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा ताकि नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। भिलाई निगम क्षेत्र में बेहतर पेयजल की व्यवस्था के लिए बटालियन के सामने बन रहे 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने प्लांट में स्थापित मशीनों , मोटरपंप, पाइपलाइन, सब स्टेशन सहित सभी तकनीकी जानकारी इंजीनियरों से लिए और बिना कोई देरी किए कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। अमृत मिशन फेस 2 के तहत बन रहे जल शोधन संयंत्र के लिए कार्यरत अधिकारियों ने प्रगतिरत कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम चरण के कुछ कार्य लाॅकडाउन के चलते शेष रह गए जिन्हें जल्द ही पूरा करने तकनीकी लोगों को बुलाया गया है जो 1 जुलाई से कार्य प्रारंभ कर देंगे , कार्य के दौरान तकनीकी चीजों पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया गया है। महापौर श्री यादव ने अधिकारियों को पेयजल सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए बनाए जा रहे प्लांट को शीघ्र ही शुरू करने सख्त हिदायत देते हुए बोले कि कार्य में किसी प्रकार की लेटलतिफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा उन्होंने कहा कि इससे जुड़ी हुई जितने भी कार्य हैं उन्हें भी पूर्ण करें , जल शोधन संयंत्र का परिसर स्वच्छ हो , स्काडा सिस्टम को भी प्रारंभ करें। इस दौरान निगम से कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा , सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव , अभियंता अर्पित बंजारे तथा संबंधित एजेंसी उपस्थित थे।